## महत्वपूर्ण एवं खास

### एसबीआई बैंक के एक खाते से अज्ञात व्यक्ति ने 20 हजार रूपये आहरण किए, जुर्म दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर के बैरनबाजार स्थित एसबीआई बैंक शाखा के एक खाता धारक के खाते से अज्ञात आरोपी द्वारा 20 हजार रूपये आहरण करने का मामला सामने आया है। घटना की शिकायत कुमारी अस्मिता जगवानी पिता लक्ष्मण 23 वर्ष ने कोतवाली थाना में दर्ज कराई है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि कोई अज्ञात व्यक्ति ने उसके बैंक खाते से दो बार में 20 हजार रूपये आहरण कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने धारा 420 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। मामले की जांच जारी है।

### एटीसी टॉवर में लगे एक लाख कीमत की सेल-बैट्री चोरी

**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर जिले के नेवरा थाना क्षेत्र में सासाहोली के पास लगे एटीसी टॉवर में लगे 24 नग सेल एवं एक बैट्री को अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। चोरी हुए सेल व बैट्री की कीमत करीब एक लाख रूपये बतायी जा रही है। घटना की सूचना पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### विभिन्न मांगों को लेकर बैंक कर्मी 20 को रहेंगे हड़ताल पर

**रायपुर (आरएनएस)।** बैंकिंग एम्पलाईज एसोसिएशन ऑफ इंडिया के आव्हान पर विभिन्न मांगों को लेकर बैंक कर्मी 20 जनवरी को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर अपना कामकाज बंद कर हड़ताल पर रहेंगे। संघ के अध्यक्ष डी के मुखर्जी के अनुसार रिक्त पदों पर तत्काल नियुक्ति हो, वेतन वृद्धि तत्काल हो, बैंकों का निजीकरण न किया जाए एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए जिले में स्थित बैंक के शाखाओं के कर्मियों की ड्यूटि न लगाकर नई नियुक्ति की जाये।

### शराब पीने से मना करने पर युवक पर जानलेवा हमला

**रायपुर (आरएनएस)।** शहर के भनपुरी इलाके में शराब पीने से मना करने के बाद पर एक आरोपी ने एक युवक पर नुकीली चीज से जानलेवा हमला कर उसे घायल कर दिया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 18 जनवरी की रात करीब 10 बजे आरोपी बिल्लू सतनामी भनपुरी स्थित रवि किराना दुकान के पास बैठकर शराब पी रहा था। प्रार्थी योगेश साहू पिता श्रवण 20 वर्ष निवासी भनपुरी पुरानी बस्ती ने जब उक्त युवक को वहां शराब पीते देखा तो उसे वहां शराब पीने से मना किया। इस बात पर आरोपी गुस्से में आकर प्रार्थी के सीने पर नुकीली चीज से जानलेवा हमला कर दिया। घटना की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 324 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### 76 पाव अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी पुलिस ने अलग-अलग जगहों से दो युवको को गिरफ्तार कर उनके पास से कुल 76 पाव अवैध शराब बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहला मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के नेहरू नगर की है। यहां से पुलिस ने कल रात 8 बजे श्याम सुंदर पिता दीवाकर दीप 24 वर्ष के पास से 30 पाव अंग्रेजी शराब जब्त की है, वहीं दूसरे मामले में नेवरा थाना पुलिस ने वार्ड 17 से उमेश जांगड़े पिता अशोक 23 वर्ष के पास से 46 पाव देशी शराब जब्त की। दोनों के खिलाफ पुलिस आबकारी एक्ट 34-2 के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की है।

### दुर्घटना में अज्ञात युवक की मौत

**कोरबा (आरएनएस)।** सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल एक युवक को डायल 112 से कोरबा जिला अस्पताल लाया गया। जिसे देखते ही चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार उरगा थाना क्षेत्रांतर्गत कोरबा चांपा मार्ग में एक 30 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हालत में सड़क किनारे पड़ा हुआ था। जिसे उरगा थाने की डायल 112 की टीम वहां से उठाकर जिला अस्पताल में उपचार के लिए ले गई। यहां उसे देखते ही चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

### चाकू लेकर घूमते हुए दो युवक पकड़ाए

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी पुलिस ने शनिवार की रात में शहर में अलग-अलग जगह पर अवैध रूप से चाकू लेकर लोगों को आतंकित करते हुए पकड़ा। पकड़े गए आरोपियों में सोनु सागर 35 वर्ष एवं सागर वर्मा पिता भुनेश्वर 22 वर्ष है।

# मंत्री अमरजीत भगत शामिल हुए नव निर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण में

» पंखाजूर नगर विकास के लिए 10 लाख और मकर संक्रांति मेला महोत्सव के लिए एक लाख रूपए देने की घोषणा





**रायपुर।** खाद्य एवं संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत आज कांकेर जिले के पखांजूर नगर पंचायत के नव निर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। समारोह में अध्यक्ष बप्पा गांगुली एवं उपाध्यक्ष श्रीमती मायारानी सरकार को शपथ दिलाया गया। भगत ने पखांजूर नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षदों को बधाई और शुभकामनाएं दी । भगत ने पखांजूर नगर पंचायत क्षेत्र में बिजली, पानी व अन्य कार्यों के लिए 10 लाख रूपये स्वीकृत करने की घोषणा की । साथ ही मकर संक्रांति मेला महोत्सव पखांजूर के लिए एक लाख रूपए देने की घोषणा की।

कार्यक्रम में भगत ने कहा कि अच्छा काम करने वाले लोग हमेशा याद किये जाते है। उन्होंने कहा कि मुख्य मंत्री भूपेश बघेल स्वयं किसान पुत्र हैं। वे सुबह से शाम तक किसानों के हित में सोचते हैं। उन्होंने किसानों का कर्ज माफ किया, लघु वनोपज के दाम बढ़ाये, तेंदुपत्ता का पारिश्रमिक दर 25 सौ रूपये से बढ़ाकर चार हजार रूपये प्रति मानक बोरा कर दिया है। भगत ने नर-नारायण सेवा आश्रम स्थित स्वामी सत्यानंद मंदिर का दर्शन किए और प्रदेश वासियों की खुशहाली की कामना की । कार्यक्रम को विधायक अनुप नाग ने भी संबोधित किया। नाग ने पखांजूर शहर के सुभाष चौक में हाईमास्क लाईट लगाने के लिए 05 लाख रूपये स्वीकृत होने की जानकारी देते हुए अंबेड़कर चौक में भी हाईमास्क लाईट लगाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पखांजूर शहर के अस्पताल एवं बाजार स्थल से असहाय लोगो के आवागमन के लिए दो ई-रिक्शा की सुविधा प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम को चन्द्रपुर के विधायक रामकुमार यादव ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर नगर पंचायत पखांजूर के पार्षदों सहित जनप्रतिनिधि एवं आम नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री ने ग्राम जंजगिरी निवासी भरोसा राम ठाकुर के निधन पर दुख प्रकट किया



**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दुर्ग जिले के ग्राम जंजगिरी निवासी बुजुर्ग भरोसा राम ठाकुर के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति और उनके परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए प्रार्थना की है।

ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हर वर्ष दीपावली के दूसरे दिन ग्राम जंजगिरी में आयोजित गौरी गौरा पूजा कार्यक्रम में हिस्सा लेते हैं, जहां परंपरा अनुसार सभी विघ्नों के नाश तथा मंगल कामना के लिए स्वर्गीय भरोसा राम ठाकुर मुख्यमंत्री को सोंटा लगाते थे। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा है कि स्वर्गीय भरोसा राम ठाकुर से उनके वर्षों पुराने आत्मीय संबंध रहे हैं, वे हमारे सम्मानीय बुजुर्ग थे। उनका निधन मेरे लिए पारिवारिक क्षति है।

## मुख्यमंत्री बघेल ने एक समाचार पत्र के नवीन राज्य कार्यालय का किया शुभारंभ

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज शाम राजधानी रायपुर स्थित गायत्री नगर में जगन्नाथ मंदिर के पास अंग्रेजी समाचार पत्र के नवीन राज्य कार्यालय का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री बघेल ने इस दौरान द पायोनियर समाचार पत्र के उत्तरोत्तर उन्नति के लिए अपनी बधाई और शुभाकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री का द पायोनियर के स्थानीय संपादक सुजीत कुमार ने स्वागत किया। शुभारंभ कार्यक्रम के अवसर पर द पायोनियर समाचार पत्र के ब्यूरो चीफ पत्रकार और कर्मचारी सहित वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे।

## फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन बेचने मामले में महिला के खिलाफ 420 का मामला दज




**रायपुर (आरएनएस)।** फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन बेचने के मामले में दीनदयाल उपाध्याय नगर थाना पुलिस ने एक महिला के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

घटना की शिकायत शारदा सिंह निवासी सिटी पैराडाईल बिल्डिंग वीआईपी रोड मौलीमाता विहार तेलीबांधा ने थाने में की है। प्रार्थिया द्वारा पुलिस को दी गई जानकारी के अनुसार आरोपिया इंद्रजीत कौर से शारदा सिंह ने अग्रोहा कालोनी स्थित 4800 वर्ग फीट जमीन जिसका खसरा नंबर 370/1,2 का भाग प्लाट नं पी 4/5 क्रय किया था। जमीन खरीदने के बाद शारदा सिंह को पता चला कि इंद्रजीत कौर ने उक्त जमीन का फर्जी मुक्तयारनामा तैयार कराकर उसे बेची है। पुलिस ने प्रार्थियां की शिकायत पर आरोपी महिला के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।

## जीन म्यूटेशन से ग्रस्त बच्चाी के इलाज के लिए स्वास्थ्य मंत्री आगे आये



**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** मीडिया की खबरों के बाद दुर्लभ बीमारी से ग्रसित राजेश्वरी को इलाज के लिए अंततः सरकारी मदद मुहैया हो सकी है। स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंहदेव ने राजेश्वरी के संपूर्ण इलाज का आश्वासन दिया है। जिसके बाद राजेश्वरी को दन्तेवाड़ा अस्पताल से इलाज के लिये रायपुर भेजा गया। जहां डॉ बी आर अंबेडकर मेमोरियल हास्पिटल रायपुर में ईलाज किया जाएगा। गौरतलब है कि दंतेवाड़ा जिला के बारसूर कौरगांव के इन्द्रावती नदी के दूसरे छोर पर स्थित बेंगोफेर गांव की 07 वर्षीय राजेश्वरी दुर्लभ बीमारी की चपेट में फंसकर जिंदगी और मौत के बीच झूल रही है। जीन म्यूटेशन या त्वचा की खराबी की वजह से उसकी त्वचा पेड़ की छाल जैसी सख्त हो रही है। बताया जा रहा है कि भारत में इसके बहुत ही कम मरीज मिलते है। 01 महीने पहले जिला प्रशासन ने कौरगांव में मेगा मेडिकल कैम्प लगाया था तब भी राजेश्वरी इलाज की उम्मीद से शिविर पर पहुंची थी, लेकिन बच्ची के इलाज के लिए कोई पहल नहीं की गई थी। मीडिया के द्वारा लाइलाज बीमारी से ग्रस्त बच्ची के समाचार के प्रकाशन के बाद शासन और अब स्वास्थ्य मंत्री के पहल पर बच्ची के इलाज के लिए किए जा रहे प्रयास से राहत मिली है।

## बिजली विस्तार में लगा मजदूर खंभे से नीचे गिरा



**सुकमा (आरएनएस)।** जिले के कोंटा में नए 33 केबी के चल रहे कार्य के तहत कोन्टा के चिखलगुड़ा में नए बिजली विस्तार का कार्य किया जा रहा था, इसके लिए मजदूर पोल पर चढ़ कर कार्य कर रहा था।

पोल में चढ़कर कर रहे कार्य के दौरान मजदूर का पैर पिसल गया और मजदूर 20 फिट ऊपर से नीचे गिर गया। मजदूर के पोल से गिरने से कमर और पैर में गंभीर चोट आई है जिसे उपचार के लिए 108 की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां घायल मजदूर का इलाज जारी है ।

कोंटा जेई ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि ठेकेदार द्वारा कार्य किया जा रहा था जिसका कार्य 33 केबी लाइन जो दोरनापाल के पेंटा से कोन्टा तक नए लाइन के विस्तार का कार्य किया जा रहा था। इसी कार्य में लगे मजदूर कोन्टा के चिखलगुड़ा के पास शनिवार शाम को बिजली विस्तार कार्य के दौरान पैर फिसल जाने से मजदूर 20 फीट की ऊंचाई से नीचे गिर गया, जिसकी जानकारी विभाग को प्राप्त हुई है ।

## प्रलोभन देकर पहले गर्भ ठहराया, फिर गर्भपात करा शादी से किया इंकार

» पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** शहर के तेलीबांधा क्षेत्र में एक आरोपी युवक द्वारा शादी का प्रलोभन देकर पहले एक युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाकर गर्भ ठहराया फिर गर्भपात कराकर शादी करने से इंकार करने का मामला प्रकाश में आया है। घटना की शिकायत पीड़ित युवती ने तेलीबांधा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले में आरोपी याश कुवत अली उर्फ यासु 25 वर्ष निवासी श्यामनगर तेलीबांधा के खिलाफ धारा 376, 2एन के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।

## प्रेशर बम-बंदूक एवं दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद



**कांकेर (आरएनएस)।** जिले के ग्राम होनर के जंगल पहाड़ में गश्त सर्चिंग के दौरान डीआरजी व थाना आमाबेड़ा की संयुक्त टीम ने नक्सलियों द्वारा छुपाकर रखे 12 बोर बंदूक 01, प्रेशर बम कुकर बम 04 व भारी मात्रा में दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद किया गया।

नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत ज्वाइंट ऑप्स पेंसी-167 के तहत भोजराज ध्रुव निरीक्षक थाना प्रभारी आमाबेड़ा, डेमन भूआर्य उप निरीक्षक प्रभारी डीआरजी 01 एवं थाना आमाबेड़ा की संयुक्त टीम थाना आमाबेड़ा क्षेत्रांतर्गत ग्राम नगरबेड़ा टिमनार व जिला कोंडागांव के थाना केशकाल /धनोरा सीमावर्ती क्षेत्र में नक्सली ग्रस्त सर्चिंग पर रवाना हुए थे। गश्त सर्चिंग के दौरान 18 जनवरी को मुखबीर के सूचना पर ग्राम होनर पहाड़ी जंगल क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने की नियत से छुपा कर रखे 12 बोर बंदूक 01 नग, प्रेशर कुकर बम 04 नग, 03 नग प्लास्टिक ड्रम, स्टील ड्रम छोटा एक नग, वायर बंडल, वर्दी कपड़ा, सुतली बम व बड़ी मात्रा में दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद कर थाना आमाबेड़ा में वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## छत्तीसगढ़ी कलेवा तिहार 2020- राजेश्री डॉ. महंत रामसुंदर दास करेंगे सामाजिक संगठनों से करेंगे चर्चा

**रायपुर (आरएनएस)।** श्रीदूधाधारी मठ के प्रमुख महामंडलेश्वर राजेश्री डॉ. महंत रामसुंदर दास की प्रेरणा व मार्गदर्शन में फरवरी माह में होने वाले छत्तीसगढ़ी कलेवा तिहार 2020 के संदर्भ में मंगलवार, 21 जनवरी 2020 को दूधाधारी मठ सत्संग भवन में बैठक आहूत की गई है। इस बैठक में अनेक सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। आगामी कलेवा तिहार 2020 को सभी वर्गो से मिल रहे समर्थन तथा सहयोग को ध्यान में रखते हुए यह बैठक रखी गई है। बैठक में सभी जन-प्रतिनिधियों, समाज के मुखिया तथा गणमान्य नागरिकों से आयोजन को ऐतिहासिक तथा सफल बनाने हेतु आह्वान किया जाएगा।

उक्ताशय जानकारी देते हुए तिहार के सामाजिक संपर्क प्रभारी माधव लाल यादव व संयोजक आदेश ठाकुर ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि डॉ. महंत रामसुंदर दास के अनुसार यह उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य में खान-पान की अति विकसित वैज्ञानिक परंपरा रही है। छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के प्रचार-प्रसार हेतु प्रदेश की सरकार ने विशेष अभियान चलाया और व्यजनों का व्यापक प्रचार हुआ। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ी थाली जो अपने आप में पौष्टिकता से परिपूर्ण होने के बावजूद घर से बाहर उपलब्ध नहीं होती है। छत्तीसगढ़ राज्य की थाली को परिभाषित व प्रचारित करने के लिए छत्तीसगढ़ी कलेवा तिहार 2020 का विशेष रूप से आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में देश-विदेश से प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जा रहा है जिससे छत्तीसगढ़ में प्रचलित विविध व्यंजनों का दुनिया भर में प्रचार हो।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU